तापमान
अधिकतम 40.4 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




## विनोद चौबे के परिजन सहित अनेक परिवार ने झेला नक्सल हिंसा का दंश



शहीद अविनाश शर्मा | शहीद विवेक शुक्ला | शहीद राजेन्द्र सिंह | शहीद मन्नूलाल सूर्यवंशी | शहीद विश्वेश्वर चक्रवर्ती | शहीद दीपक भारद्वाज | शहीद दीपक उपाध्याय | शहीद सहलूराम भगत | शहीद चन्द्रशेखर कुर्रे | शहीद शिव कुमार सिंह

शहीद विनोद कौशिक | शहीद अश्वनी प्रधान | शहीद धनीराम ठाकुर | शहीद अरविंद मिंज | शहीद छत्रधारी प्रसाद जांगड़े | शहीद अब्दुल वहीद खान | शहीद विशन दास कुर्रे | शहीद विजय कुमार शुक्ला | शहीद नरेन्द्र प्रसाद | शहीद देवराज सुरजाल

# याद रहेगी जिले के 29 जवानों की शहादत

57 साल मतलब पांच दशक से भी अधिक समय से नासूर बन चुका नक्सलवाद खत्म हो चुका है। सभी बड़े कैडर सरेंडर कर चुके या मारे जा चुके हैं। यह लोकतंत्र की जीत का पर्व है और पूरे देशवासियों के लिए एक तरह से बड़ी राहत की बात है। अब तक राज्य में 535 नक्सली मारे जा चुके हैं, वहीं 2898 ने सरेंडर किया है।





विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

इस समस्या को जड़ से खत्म करने के दौरान छत्तीसगढ़ और देश के अन्य हिस्सों में नक्सलवाद के कारण पिछले दो दशकों में 2,700 से अधिक सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं, जिसके चलते अनगिनत परिवार आज भी नक्सली हमले का गहरा दंश झेल रहे हैं। शहर के वरिष्ठ पत्रकार स्व. डीपी चौबे के पुत्र एसपी विनोद चौबे सहित 29 पुलिसकर्मियों के बलिदान को जिले के लोग कभी नहीं भूलेंगे, जो इस लड़ाई में शहीद हो गए।

### दादी ने बताया पापा काफी निडर थे

दिल्ली पब्लिक स्कूल में 12 वीं के छात्र अनुराग शुक्ला का कहना है कि नक्सलियों का खात्मा जरूरी है जिससे की उनकी जैसी कहानी किसी की ना हो। अनुराग के पिता आरक्षक विजय शुक्ला सेकेंड बटालियन सकरी में पदस्थ थे। 2 नवंबर 2007 को थाना पामेड़ जिला बीजापुर में पुलिस की संयुक्त पार्टी ग्राम चेरला की ओर रवाना हुई थी। वापसी के दौरान तोंगगुड़ नाले के पास नक्सलियों द्वारा की गई फायरिंग में आरक्षक शुक्ला सहित जिला और छसबल के कुल 11 जवान शहीद हो गए थे। जब आरक्षक विजय शुक्ला शहीद हुए तो अनुराग अपनी मां के पेट में थे। फिलहाल वे मंगला क्षेत्र के सनसिटी में अपनी दादी के साथ रहते हैं। अनुराग गणित विषय लेकर पढ़ाई कर रहे हैं और अंतरिक्ष विज्ञान में रिसर्च करना चाहते हैं। भौतिकी उनका पसंदीदा सब्जेक्ट है। अनुराग कहते हैं कि उन्होंने अपने पिता को कभी देखा नहीं लेकिन दादी बताती हैं कि वे काफी निडर थे और शुरू से ही देस सेवा करना चाहते थे।



### इन्होंने दी शहादत

- एसपी विनोद चौबे, खपरगंज, थाना सिटी कोतवाली।
- सहायक उप निरीक्षक विश्वेश्वर चक्रवर्ती, पुराना पावर हाउस तोरवा।
- प्रधान आरक्षक फुलजेंस मिंज, उसलापुर व्हाइट हाउस के पास।
- प्लाटून कमांडर सनत कुमार महिलांगे, ग्राम रिस्दा, थाना मस्तूरी।
- निरीक्षक अब्दुल वाहिद खान, सीएमडी कॉलेज के पास लिंक रोड।
- आरक्षक अश्विनी प्रधान, इंदिरा कॉलोनी तारबहार।
- आरक्षक चंद्रशेखर कुर्रे, ग्राम जलसो, थाना पचपेड़ी।
- आरक्षक शिवकुमार मरकाम, ग्राम चलसो, थाना पचपेड़ी।
- उपनिरीक्षक निलेश पांडे, शांति नगर, सिविल लाइन थाना।
- आरक्षक विसून दास कुर्रे, ग्राम परसदा थाना बिल्हा।
- आरक्षक धनीराम ठाकुर, ग्राम पिपरानार सोठी, थाना सीपत।
- प्रधान आरक्षक देवराज सुरजाल, साइ मंदिर के पास हेमू नगर।
- प्रधान आरक्षक दीपक उपाध्याय, राजीव विहार रजकिशोर नगर।
- आरक्षक विजय शुक्ला, सनसिटी कालोनी, मंगला क्षेत्र।
- प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह, सेकेंड बटालियन, सकरी।
- आरक्षक सहलू राम भगत, सेकेंड बटालियन सकरी।
- आरक्षक छत्रधारी प्रसाद जांगड़े , ग्राम मचाहा, तहसील पथरिया।
- प्रधान आरक्षक शिवकुमार सिंह, सेकेंड बटालियन, सकरी चकरभाटा।
- उप निरीक्षक विवेक शुक्ला, आरके बूट हाउस गली, तेलीपारा।
- उपनिरीक्षक अविनाश शर्मा, अरविंद नगर।
- आरक्षक राजेश पटेल, सेकेंड बटालियन सकरी।
- आरक्षक हरेंद्र प्रसाद, सेकेंड बटालियन सकरी।
- उपनिरीक्षक विनोद कौशिक, ग्राम सीपत, थाना सीपत।
- आरक्षक अमरदीप खलखो, सेकेंड बटालियन बिलासपुर।
- आरक्षक मुन्नू लाल सूर्यवंशी, थाना कोनी, बिलासपुर।
- आरक्षक अरविंद मिंज, सेकेंड बटालियन सकरी।
- प्रधान आरक्षक देवेंद्र सिंह, सेकेंड बटालियन सकरी।
- उपनिरीक्षक दीपक भारद्वाज, पुलिस कालोनी, तिफरा।
- लांस नायक वीरेंद्र कुमार केंवट, ग्राम नरगोड़ा, थाना सीपत।

### खबर संक्षेप

#### राज्यपाल डेका आज कोरबा बिलासपुर के दौरे पर

**बिलासपुर।** राज्यपाल रमेन डेका कल 1 अप्रैल को कोरबा और बिलासपुर जिले के दौरे पर रहेंगे।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री डेका रायपुर लोकभवन से सुबह 7.30 बजे सड़क मार्ग द्वारा मुंगेली जिले के चंदखुरी विश्राम गृह के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद राज्यपाल सुबह 9 बजे कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप बांकीमोंगरा के लिए रवाना होंगे। यहां वे प्रातः 11 बजे आयोजित "दिव्य श्री हनुमंत कथा एवं 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह" कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात राज्यपाल श्री डेका दोपहर 12:30 बजे रतनपुर (बिलासपुर) स्थित विश्राम गृह के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां दोपहर 1:30 बजे आगमन निर्धारित है। इसके बाद वे दोपहर 2:30 बजे पुनः चंदखुरी जिला मुंगेली के लिए रवाना होंगे। दोपहर 3:30 बजे चंदखुरी पहुंचने के बाद अल्प विश्राम करेंगे और शाम 3:45 बजे रायपुर स्थित लोक भवन के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल शाम 5 बजे लोक भवन, रायपुर पहुंचेंगे।

#### हनुमान मंदिर लाल खदान में जन्मोत्सव पर भंडारा

**बिलासपुर।** बड़े हनुमान मंदिर लाल खदान स्पिनिंग मिल के पास मेन रोड पर हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को विशाल भोग भंडारा आयोजित किया जा रहा है। मुख्य पुजारी पंडित सीता कांत झा ने बताया कि सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक भोग भंडारा अनवरत चलेगा।

# वैवाहिक रस्मों को बीच में छोड़ बीए अंतिम की परीक्षा देने पहुंची दुल्हन



दुल्हन के जोड़े में परीक्षार्थी को देखकर परीक्षार्थी और परीक्षक भी हैरान रह गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/तखतपुर

वैवाहिक रस्मों को बीच में छोड़कर दुल्हन ने परीक्षा दिलाने को प्राथमिकता दी और वह सीधे परीक्षा हाल जा पहुंची। दुल्हन के वेश में परीक्षार्थी को देखकर परीक्षा हाल में मौजूद दूसरे परीक्षार्थी और परीक्षक भी हैरान रह गए तो वहीं दुल्हन चंचल की शिक्षा के प्रति ललक और लगन को देखकर लोगों ने उसकी हौसला अफजाई भी की।

लोहदा सरगांव निवासी शिशुपाल दास मानिकपुरी की सुपुत्री चंचल का विवाह घठोली पारा निवासी बालेश्वर दास के पुत्र प्रवीण के साथ तय हुआ। 27 मार्च को पाणी ग्रहण भी पूरा हुआ। उसी दिन वैवाहिक रस्मों को पूरा करते हुए कुछ विलंब हुआ तब दुल्हन बनी चंचल ने पूजा सम्पन्न करा रहे आचार्य से कहा कि सुबह मुझे परीक्षा देने जाना है इसलिए पूजा थोड़ा अविलम्ब सम्पन्न कराया जाए। इसके बाद भी पूजा पाठ में देरी हो ही गई। इसके बाद दुल्हन चंचल ने घर से सीधे विवाह के अन्य रस्मों को छोड़कर परीक्षा देने का निर्णय लिया। दुल्हन के इस फैसले पर वर और वधु पक्ष के सभी लोगों सहमति भी जताई। दुल्हन चंचल सीधा वैवाहिक ड्रेस में परीक्षा देने के लिए सरगांव के संत शिरोमणी गुरु रवि दास शासकीय महाविद्यालय में 7 बजे पहुंची। सेंटर में उसने बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा दिला दी।

#### शिक्षा ही सब कुछ

शिक्षा के प्रति अपने इस निर्णय पर चंचल ने कहा कि जीवन में व्यक्ति शिक्षा के बदौलत कुछ भी हासिल कर सकता है। इसलिए ही मैंने शिक्षा को प्राथमिकता में ही रखा है। चंचल ने कहा कि वे अपने परिजनों की भी शुक्रगुजार है कि जिन्होंने मुझे वैवाहिक रस्मों के बीच में परीक्षा दिलाने के फैसले में साथ दिया।

#### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण परीक्षण शिविर आज

**बिलासपुर।** परम पूज्य स्वामी श्री चिदानंद सरस्वती महाराज परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के अध्यक्ष के आशीर्वाद एवं धर्म जागरण एवं शहीद विनोद चौबे नगर वार्ड क्रमांक 32 एवं जायंट्स ग्रुप आफ इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगों के लिए 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक निःशुल्क कृत्रिम अंग हाथ पैर कैलीपर्स वितरण शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। शिविर डा. माखीजा सोनोग्राफी सेंटर के सामने मगरपारा रोड पर आयोजित किया जा रहा है।

#### कसौंधन महासभा का कामर्स शिविर आज से

**बिलासपुर।** सर्वगीण विकास एव रोजगार के अवसर दिलाने के उददेश्य से अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा ट्रस्ट गुप्ता समाज के द्वारा निःशुल्क कामर्स कक्षाएं शिविर का आयोजन 1 अप्रैल से किया जा रहा है। ग्यारहवीं 11 वीं और 12 वीं सभी समाज के छात्र-छात्रों युवती-युवाओं को कॉमर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।






## खबर संक्षेप

### रैबीज और टिटनेस का इंजेक्शन खत्म, बाहर से खरीदने की मजबूरी



**बिलासपुर।** जिला अस्पताल सहित शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों में रैबीज और टिटनेस का इंजेक्शन नहीं मिल रहा है, यहां मरीजों को स्वंय के रूपए खर्च कर मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन लाने को मजबूर होना पड़ रहा है, लेकिन स्वास्थ्य अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है। डॉग बाइट की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को बाहर भेज दिया जा रहा है। यह हाल पिछले 4 दिनों से जिला अस्पताल में दिखाई दे रहा है। रैबीज और टिटनेस का इंजेक्शन नहीं है। खास बात यह है सीजीएमएससी द्वारा सप्लाई में लापरवाही करने के कारण इंजेक्शन खत्म हो चुका है। शनिवार से खत्म स्टाक मंगलवार को छुट्टी की वजह से नहीं मिल सका है। यही हाल गांधी चौक स्थित सिटी डिस्पेंसरी और लिंगियाडीह के स्वास्थ्य केन्द्र में रहा, जहां मरीजों को टिटनेस और रैबीज का इंजेक्शन मेडिकल स्टोर से खरीदने कर लाना पड़ रहा है। मरीजों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब सरकारी अस्पतालों में इंजेक्शन खत्म हो चुका है, इसे पहले भी कई दुकानों को रेडक्रास और मेडिकल दुकानों से खरीदना पड़ता है। जीवन रक्षक दवाईयों की कमी स्वास्थ्य केन्द्र और अस्पतालों में महीनों से बनी हुई है।

### सकरी में होगी संभाग की स्थापना 1 लाख उपभोक्ताओं को सीधे फायदा

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में एक नए संभाग की स्थापना की जा रही है। सकरी संभाग के अंतर्गत अब 344 गांव के 1 लाख 7 हजार उपभोक्ताओं को इसका फायदा मिल सकेगा। इसके अंतर्गत सकरी, कोटा, रतनपुर, तखतपुर उपसंभाग के कार्य होंगें। बिलासपुर जिले के क्षेत्र परिसीमन के अंतर्गत गांवों में नवनिर्मित संभाग 2 का गठन बुधवार को किया जा रहा है। 1 लाख 7 हजार उपभोक्ता वाले संभाग में 344 गांव के उपभोक्ता शामिल होंगें। जिसमें 11 वितरण केन्द्र और निम्न दाब के 1 लाख से अधिक उपभोक्ता को सीधे बिजली का फायदा होगा। दरअसल इन उपभोक्ताओं को छोटी और बड़ी समस्याओं के लिए तिफरा तक की दौड़ लगानी पड़ती थी लेकिन अब संभागीय कार्यालय सकरी में होने के कारण सकरी कार्यालय से ही सभी समस्याओं का निराकरण किया जा सकेगा। उच्चदाब के 47 उपभोक्ता भी इस संभाग में शामिल है। साथ ही 132 /33 केवी के 4 सबस्टेशन, 33/141 के 35 सबस्टेशन संभाग में जुड़ेंगें। संभाग के अंतर्गत 4731 किमी की एलटी लाइन भी होगी, जिसके लिए 4608 वितरण ट्रांसफार्मर लगाए गए है। बुधवार को नवीन संभाग की स्थापना के अवसर पर छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी भीम सिंह कंवर, सीई एके अम्बस्ट, सीई सुरेश कुमार जांगड़े उपस्थित रहेंगे।

### श्रेठी कुर्मी समाज विकास समिति देवरी की नवीन प्रबंधकारिणी का गठन

**बिलासपुर।** श्रेठी कुर्मी समाज विकास समिति देवरी की नवीन प्रबंधकारिणी का गठन किया गया है। इसकी अध्यक्षता घनश्याम कौशिक ने की। सभापति गौरीशंकर ने बताया कि नई प्रबंधकारिणी में देवानंद कौशिक को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं उपाध्यक्ष इंद्राणी कौशिक, कोषाध्यक्ष विनोद कौशिक, उप कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र कौशिक, सचिव विष्णु कौशिक, सह सचिव डाकेश्वर कौशिक, संगठन सचिव विष्णु कौशिक को बनाया गया है। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्यों में अनिल कौशिक, जय लाल कौशिक, शिव कुमार कौशिक, रामकुमार कौशिक शामिल हैं।

### सरकारी दफ्तर से एसी का कापर वायर चोरी करने वाले 2 युवक व कबाड़ी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** सरकारी दफ्तर से एसी का कापर वायर चोरी करने वाले 2 युवक व कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पिछले दिनों कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित जिला अभियोन निदेशालय से एसी का कापर वायर व नकद रकम चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने पतासाजी कर सूरज वस्त्रकार पिता स्व. द्वारिका प्रसाद वस्त्रकार 23 साल काठाकोनी सकरी, धीरेन्द्र झारिया पिता पवन झारिया 30 साल खपरगंज निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने चोरी करना स्वीकार कर कबाड़ी खपरगंज निवासी एहसान अली पिता सरवर अली 44 साल के पास बेचना बताया। पुलिस ने कबाड़ी को पकड़कर एसी का कापर वायर व पार्टस जब्त कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवक व कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।

### नशे में ड्राइवर ने ट्रेलर मकान में घुसाया, बाल-बाल बचे घरवाले

**बिलासपुर।** नशे में ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रेलर सड़क किनारे एक मकान में घुसा दिया। पीछे कमरे में सो रहे घरवाले बाल-बाल बच गए। पुलिस गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार हिर्री माइंस तिलक नगर निवासी रिटायर्ड कर्मचारी ताराचंद दुबे 30 मार्च की रात भोजन करने के बाद परिवार के साथ सो रहे थे। रात 9 बजे पेंड्रीडीह की ओर से आ रहे बेकाबू ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 आर, 7861 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनके घर के बाउंड्रीवाल को तोड़ते हुए मकान में घूस गया। श्री दुबे परिवार के साथ पीछे कमरे में सो रहे थे जिससे बाल बाल बच गए। बाहर निकलकर देखे तो मकान के अंदर ट्रेलर घूस गया था। ड्राइवर उकेश साहू पिता लच्छन साहू 23 साल पौंसरी बिल्हा निवासी को पकड़े तो वह नशे में धूत था। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया है। ताराचंद की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 125 ए, 281, 324, 4 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### सिरगिट्टी में चाकू लहराते दो बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। मंगलवार को पेट्रोलिंग के दौरान सनत साहू पिता जग्गू साहू 28 साल तिफरा, मनबहार बघेल पिता स्व. चैतराम बघेल 38 साहू चुचुहियापारा निवासी को चाकू रखकर घूमते पकड़ा गया है। दोनों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

**बिजली गुल** — परेशान होते रहे लोग, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था प्रभावित रही

# रात 1 बजे से बंद बिजली दोपहर 12.30 को हुई बहाल, जारी रही आंखमिचौली



जिला अस्पताल के अंदर आंधी तूफान से बिजली तार पर गिरा पेड़, अब तक नहीं हटा।

**बिलासपुर।** बिजली विभाग के काम करने का तरीका उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।

कुदुदंड में बीती रात 1 बजे से बिजली ठप रही, फ्यूज कॉल को सूचना देने के बाद भी रात भर बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी, वहीं सुबह अधिकारियों को इसकी जानकारी देने के बाद फ्यूज कॉल का अमला मौके पर पहुंचा लेकिन सप्लाई शुरू करने में नाकाम रहा और करीब 12.30 बजे लाइनमेन और स्टाफ ने मरम्मत कर बिजली बहाल की, लेकिन इस समय तक उपभोक्ताओं का हाल बेहाल रहा, कई घरों में पीने का पानी तक नहीं पहुंच सका। सोमवार की शाम आई तेज आंधी और बारिश के प्रभाव के कारण बिजली व्यवस्था दूसरे दिन भी खस्ताहाल रही। कुदुदंड स्थित मिट्टी टीला में फाल्ट नहीं मिलने के कारण 12 घंटे तक बिजली बंद रही। इस दौरान मेंटनेंस टीम के पहुंचने के बाद भी बिजली बहाल हो सकी। वहीं तिफरा क्षेत्र में सोमवार की रात बंद बिजली रात्रि 2 बजे आई और मरम्मत के ना पर सुबह 11 बजे बंद कर दी गई जिससे शुरू करने में 5 घंटें से अधिक का समय लग गया। इसके अलावा मोपका, राजकिशोर नगर, लाल खदान, चिंगराजपारा,चांटीडीह सहित अन्य जगहों पर ट्रिपिंग,तार टूटने से अनेक कारणों से बिजली बंद रही। आंधी तूफान के कारण दूसरे दिन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित रहा। सोमवार को 5 घंटा बिजली बंद होने के बाद होने के बाद कुछ जगहों पर रात्रि 10 बजे तक बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया गया था। सिरगिट्टी में रात 1 बजे के बाद बार ट्रिपिंग होने के कारण सुबह 9 बजे बिजली आ सकी, ऐसे में कई घरों में पीने का पानी नहीं मिल सका। तिफरा के यदुनंदन नगर, कुंदरापारा, सहित पूरा क्षेत्र में रात्रि 12 बजे बिजली आई। मंगलवार की सुबह 11 बजे बंद हुई वह 3 बजे आई।

#### अधिकारियों की नहीं सुन रहे कर्मचारी

जहां फ्यूज कॉल में लोगों की शिकायत नहीं सुनी जा रही है, वहीं बिजली अधिकारियों को बिजली बंद की सूचना देने के बाद भी मरम्मत में 3 घंटे का समय लग रहा है, कई बार उपभोक्ताओं को लगता है कि अधिकारियों के निर्देश कर्मचारियों द्वारा अनसूना कर दिया जा रहा है, यही कारण है कि शहरीय क्षेत्र में बिजली व्यवस्था का हाल बेहाल है।

---

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन रजिस्ट्री कराने डटे रहे लोग

# रात दस बजे तक होती रही रजिस्ट्री, एक ही दिन में पौने तीन करोड़ की कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नए वित्तीय वर्ष से रजिस्ट्री की कीमतों में कहीं बढ़ोतरी न हो जाए, इससे बचने पक्षकारों ने 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन रात दस-दस बजे तक जूझकर अपनी जमीन की रजिस्ट्री करा ली। पक्षकारों की संख्या इतनी अधिक थी कि सरकार को एक ही दिन में करीब पौने तीन करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। शासन द्वारा जिले को इस साल 350 करोड़ रूपए राजस्व प्राप्ति का टारगेट दिया गया था।

- **जिले को इस साल मिला था 350 करोड़ का लक्ष्य**

मंगलवार को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन जमीन की खरीदी-बिक्री करने वाले पक्षकार रात दस बजे तक रजिस्ट्री आफिस में डटे रहे। इस दौरान सरकार को एक ही दिन में पौने तीन करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। शासन की ओर से इस साल जिले को 350 करोड़ राजस्व प्राप्ति का टारगेट दिया गया था। इसके अंतर्गत जिले में जनवरी महीने में ही 247.75 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हो चुका था। अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच जिले में कुल 20 हजार 985 रजिस्ट्री हुई थी। सरकार द्वारा बीते महीनों में जमीन की कीमतों में बढ़ोतरी संबंधी आदेश जारी करने के कारण करीब साढे तीन हजार रजिसट्रियां कम हुईं। हालांकि इससे राजस्व प्राप्ति के आंकड़े में कमी नहीं आई है। रजिसट्रियों की संख्या अगर निर्धारित औसत संख्या के अनुरूप होती तो जिले में राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा करीब बीस करोड़ और अधिक होता। नए वित्तीय वर्ष से रजिस्ट्री की दरों में बढ़ोतरी को लेकर शासन की ओर से कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में जमीन की रजिस्ट्री पुरानी एवं वर्तमान कीमतों पर ही होती रहेंगी। जमीन खरीदने वाले पक्षकारों के लिए राहत भरी खबर है।



#### एक ही दिन में 225 लोगों ने कराई रजिस्ट्री

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन जमीन की खरीदी-बिक्री करने वाले 225 पक्षकारों ने रजिस्ट्री कराई है। रजिस्ट्री कराने वाले पक्षकारों का यह आंकड़ा बिलासपुर शहर, मस्तूरी, तखतपुर, कोटा एवं बिल्हा रजिस्ट्री कार्यालय को मिलाकर है। लोग हर हाल में रजिस्ट्री कराने मंगलवार की रात दस-दस बजे तक भी रजिस्ट्री आफिस में डटे रहे। मंगलवार को सभी शासकीय कार्यालयों में महावीर जयंती का शासकीय अवकाश था, लेकिन रजिस्ट्री आफिस में अवकाश रहने के बजाय कामकाज सामान्य दिनों की तुलना में रात तक चलता रहा।

#### 10 बजे तक हुई रजिस्ट्री

अंतिम दिन जिले के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों को मिलाकर करीब 225 रजिसट्रियां की गई हैं। रजिस्ट्री का काम रात दस बजे तक चलता रहा। इस दौरान शासन को एक ही दिन में लगभग पौने तीन करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है।

-आरके स्वर्णकार
जिला पंजीयक बिलासपुर

### प्रॉपर्टी टैक्स की अभी तक 102 करोड़ की वसूली

**बिलासपुर।** प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। नगरीय प्रशासन-विकास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संपत्ति कर भुगतान की अंतिम तारीख बढ़ाकर अब 30 अप्रैल 2026 कर दी है, जो पहले 31 मार्च थी। विभाग के आदेश के अनुसार सभी नगरीय निकायों को 30 दिनों का अतिरिक्त समय दिया गया है। राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा न होने और अन्य प्रशासनिक कारणों के चलते यह निर्णय लिया गया है। अब लोग 30 अप्रैल तक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के संपत्ति कर जमा कर सकेंगे। इसके बाद भुगतान करने पर 17% सरचार्ज देना होगा। इधर नगर निगम ने 126 करोड़ के राजस्व वसूली के टारगेट के एवज में 102 करोड़ की वसूली अभी तक होने की बात कही है। निगम सीमा क्षेत्र में पिछले साल की बात करें, तो 92 हजार मकान और लगभग 16 हजार दुकान का पंजीयन है जो टैक्स अदा करते हैं। इस वर्ष अगर सर्वे कराया गया तो ये आंकड़ा एक लाख पार कर जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक कई बड़े बकायादार निगम के टैक्स वसूली के टारगेट को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में बड़े बकायादारों पर अब कुर्की कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि, वर्तमान में शहर और आउटर के वार्डों को मिलाकर निगम में 1.27 लाख के करीब करदाता हैं, जिनसे निगम टैक्स वसूलता है। इसमें लगभग 10 से 15% करदाता ऐसे हैं जो वर्षों से निगम को टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं।

- **30 अप्रैल के बाद देना होगा 17 प्रतिशत सरचार्ज**

---

## नए कुलपति प्रो. पटेरिया सहभागी प्रबंधन की दिशा में काम करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के नए कुलपति प्रो. ललित प्रकाश पटेरिया ने अटल यूनिवर्सिटी में कुलपति के रूप में पार्टिसपेटिंग मैनेजमेंट की दिशा में काम करने की बात कही है। प्रो. पटेरिया का कहना है कि अटल यूनिवर्सिटी में दो पूर्व कुलपतियों द्वारा किए गए एकेडमिक व इन्फ्रास्ट्रक्चर डव्हलपमेंट कार्यो को आगे बढ़ाते हुए यूनिवर्सिटी में नए आयाम जोड़ना है।

अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति नियुक्त होने के बाद हरिभूमि से चर्चा दौरान प्रो. एलपी पटेरिया ने शीघ्र ही महामहिम राज्यपाल के आदेशानुसार अटल यूनिवर्सिटी में कुलपति का पदभार ग्रहण करने की बात कही है। वे वर्तमान में शहीद नंदकुमार पटेल रायगढ़ यूनिवर्सिटी के कुलपति हैं और वहां पर कुलपति पद का अनुभव साझा किया। उन्होंने अटल यूनिवर्सिटी में कुलपति के रूप में उनके सामने जो चुनौतियां होगी के बारे में बताया कि रायगढ़ नया यूनिवर्सिटी है जिसका वे प्रथम कुलपति हैं। अटल यूनिवर्सिटी में दो कुलपति काम कर चुके हैं और उन्होंने जो यूनिवर्सिटी के विकास की दिशा में काम किया है, उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कुछ नया आयाम जोड़ने की भी बात कही। प्रो. पटेरिया का कहना है कि रायगढ़ यूनिवर्सिटी व बिलासपुर के अटल यूनिवर्सिटी दोनों ही प्रकृति में अंतर है।

#### एयू में आचार्य वाजपेयी का कार्यकाल समाप्त

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी का पांच वर्ष का कार्यकाल 22 फरवरी 2026 को समाप्त हो गया है। नए कुलपति की चयन प्रक्रिया चल रही थी इसलिए आचार्य वाजपेयी का एक माह से अधिक दिनों तक अतिरिक्त कार्यकाल रहा। कुलपति चयन के लिए 3 मार्च को राजभवन में इंटरव्यू हुआ था। इंटरव्यू के लिए 20 उम्मीदवारों को आमंत्रित किया गया था और दो पार्ट में 10-10 उम्मीदवारों का इंटरव्यू हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू आदि देश के अन्य राज्यों के प्रोफेसर, शिक्षाविद कुलपति पद की दौड़ में शामिल थे।

#### एक माह पहले कमेटी ने भेजा था नामों का पेनल

अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति चयन प्रक्रिया के लिए राजभवन से तीन सदस्यीय सर्च कमेटी गठित की है, जिसमें यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की ओर से अंबिकापुर के डॉ. धीरेन्द्र तिवारी व कुलाधिपति राज्यपाल की ओर से एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी असम के पूर्व कुलपति डॉ. बिद्युत चंदन डेका और यूजीसी की ओर से कर्नाटक यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. विष्णुकांत एस क्षत्रपाली शामिल थे। इंटरव्यू के बाद करीब एक माह पहले ही सर्च कमेटी ने तीन से पांच उम्मीदवारों के नामों का पेनल राजभवन भेज दिया था। कुलपति के लिए नियम मापदण्ड तय किए गए हैं।

---

## मशाल जुलूस निकालकर शिक्षकों ने किया टेट परीक्षा का विरोध



**बिलासपुर।** 31 मार्च को शाम 6 बजे रिवर व्यू चौपाटी में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले जो 1 सितम्बर 2025 को सभी शिक्षकों को सेवा में बने रहे के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट अनिवार्य रूप पास होना आवश्यक होगा। इस काले कानून के खिलाफ देशभर के 25 लाख शिक्षकों की नौकरी संकट में आ गई। जिसके विरोध में मशाल जुलूस निकाला गया। सर्व शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने कहा कि शिक्षकों के साथ अस्मिता व स्वाभिमान पर गहरी कुठाराघात किया गया। जिसका डटकर मुकाबला किया जाएगा।

शिक्षक नेता रंजीत बनर्जी ने कहा कि टेट परीक्षा किसी भी हाल में देना हमको स्वीकार नहीं है चाहे हमें संघर्ष करना पड़े तो हम सब तैयार हैं। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र यादव ने कहा यह अनुभव का तिरस्कार कर शिक्षकों के ज्ञान को कम आंकने की साजिश रची गई है। प्रदेश प्रवक्ता चन्द्र प्रकाश तिवारी ने कहा कि दिल्ली में दहाड़ेंगे -शिक्षक और अपने हक हासिल कर के दम लेंगे। मौके पर मशाल के साथ मोमबत्ती जलाकर शासन के विरुद्ध अपना रोष प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सुनील पांडेय ने कहा कि इस संबंध में पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिला कार्यकारी अध्यक्ष विकास कायरवार ने सभा का संचालन किया। आभार व्यक्त जिला सचिव रवीन्द्र खुटे ने किया । इस अवसर पर दशमंत जायसवाल, देवेन्द्र कुमार साहू, अजीत कुजूर, सुधीर मानिकपुरी कोटा, रवीन्द्र खुटे, अनिमेष दीक्षित , आभास श्रीवास, संजय यादव, इन्द्र मन मरावी, रितेश दीक्षित, इंद्रमणि त्रिपाठी, गोविन्द मानिकपुरी, फिरोज मोम्मद, सांवल सिंह धुर्वे, चन्द्र भान सिंह पैकरा, नंदकुमार कुमार क्षत्रिय , अर्चना मिश्रा, संदीप त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## भाजयुमो ग्रामीण ने नक्सल मुक्त छग होने पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त होने की ओर अग्रसर है। इस ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण अवसर पर भाजयुमो बिलासपुर ग्रामीण द्वारा मोपका स्थित शहीद दीपक उपाध्याय चौक पर दीप प्रज्ज्वलित कर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने एकत्र होकर देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को नमन किया। मौन रखकर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ का नक्सल-मुक्त होना प्रदेश के विकास, शांति और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उपलब्धि हमारे सुरक्षा बलों के अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान का परिणाम है। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी, शहीद दीपक उपाध्याय के पिता केशव उपाध्याय एवं उनके परिवारजन, भाजपा जिला मंत्री प्रणव शर्मा, राजेंद्र अग्रहरी, महामंत्री तुषार चंद्राकर, अंकुर सिंह, पवन कश्यप, रत्नाकर श्रीवास, शैलेश गोरख, रेखा सूर्यवंशी,ललित यादव,जय वाधवानी, हरिप्रसाद धुरी, अभिषेक साव, शरद खैरवार, रितेश कलवानी, यश गौरहा, प्रवीण यादव, शिवराज साहू, संदीप जायसवाल, वैभव तंबोली, अजय रजक, रूपेश चौबे, करण सिंह,आदि मौजूद थे।

---

घटना से वन विभाग की निगरानी पर सवाल, आखिर इतना बड़ा अमला करता क्या है

## चीतल मामला : पकड़े गए आरोपियों में दो पर्यटन विभाग के कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चीतल का मांस पकाने के मामले में शामिल रिसार्ट का मैनेजर और एक अन्य आरोपी पर्यटन विभाग के कर्मचारी हैं। इन सभी आरोपियों ने कोर्ट में जमानत के लिए याचिका लगाई थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

कोटा वन परिक्षेत्र के बेलगहना रेंज अंतर्गत ईको जोहार रिसार्ट कुरदर में चीतल का मांस पकाने की सूचना मिलने पर बेलगहना परिक्षेत्र के सहायक शिवकुमार पैकरा, बीएफओ संतकुमार वाकरे, पंकज साहू, सोमप्रकाश जयसिंधु, सावन यादव, वन विकास निगम के रेंजर रवि जगत, डिप्टी रेंजर अरविंद बंजारे, नंदकिशोर ने मौके पर दबिश दी, जहां से पका हुआ मांस और उसे काटने पकाने वाले आरोपियों को पकड़ा । इन आरोपियो में केंवची निवासी रामकुमार टोप्पो पिता धनेश्वर टोप्पो 39 साल, कुरदर निवासी जनक राम बैगा पिता अमर सिंह 30 साल, देवसिंह बैगा पिता बजरू, राजेश पिता देवसिंह, लखन सिंह पिता सुकरू राम 26 साल, बरसठी जौनपुर उत्तरप्रदेश निवासी रजनीश सिंह पिता स्व. मुक्तेश्वर सिंह 32 साल शामिल थे।। पूछताछ में वन विभाग को जानकारी मिली कि जौनपुर बरसठी उत्तरप्रदेश निवासी रजनीश सिंह और एक अन्य आरोपी पर्यटन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी हैं, जो कई माह से वहां कार्यरत हैं। आरोपियों से पूछताछ के बाद वन विभाग की टीम ने वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 1, 2, 3, 44, 50, 41 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया, जहां दो दिन बाद आरोपियों ने जमानत के लिए याचिका दायर की। कोर्ट ने विभाग की पूछताछ और पूर्व आदेश के तहत सजा को यथावत रखते हुए जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

#### कुत्ता खाया था चीतल को

वन विभाग की टीम को आरोपियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि चीतल को उनकी ओर से जंगल से पकड़कर नहीं लाया गया था। रिसार्ट में उन्होंने देखा कि एक कुत्ता चीतल को काटकर घायल अवस्था में छोड़ दिया था। चीतल की हालत भी काफी खराब थी, जिसके संबंध में आरोपियों ने वन विभाग को बिना सूचना दिए काटकर पकाना शुरु कर दिया। आरोपियो से पूछताछ करने के बाद विभागीय टीम ने मौके पर जाकर जांच की, जहां खून के एक भी निशान दिखाई नहीं दिए। पूरी घटना पर सवाल उठ रहे हैं कि वन विभाग का अमला आखिर किस चीज की निगरानी करता है।

#### रिसार्ट पर्यटन विभाग का

कोटा और बेलगहना परिक्षेत्र में ईको जोहार रिसार्ट कुरदर में बनाया गया है, यह रिसार्ट पर्यटन विभाग की ओर से बनाकर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के सुपुर्द कर दिया गया है। रिसार्ट में आसपास के बैगा आदिवासियों का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है, जिसके साथ मिलकर दैनिक वेतन भोगी प्रतिदिन पार्टी करते हैं।

#### जांच चल रही है

आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर 14 दिन के रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इसके बाद कोर्ट ने जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया है। अभी भी मामले की जांच की जा रही है।

**-अनिल भास्करन**, एसडीओ,
कोटा वन परिक्षेत्र

## आने लगी खूंटाघाट के पानी से गांवों के तालाब को भरने की मांग

**बिलासपुर।** निस्तारी के लिए गांवों के तालाब भरने के लिए खूंटाघाट की नहरों में पानी छोड़ने की मांग आने लगी है। अभी मार्च के महीने में ही तापमान में इतनी बढ़ोतरी हो चुकी है कि तालाबों से पानी का स्तर काफी कम हो चुका है, जबकि अभी भरपूर गर्मी का महीना अप्रैल और मई सामने है।

- **15 अप्रैल के बाद किया जाएगा विचार**

गर्मी ने मार्च महीने में ही अपना ऐसा रूप दिखा दिया कि गांव में स्थित तालाबों में निस्तारी के लिए पानी भरने खूंटाघाट की नहरों में पानी छोड़ने की मांग की जाने लगी है। बांध में आज की स्थिति में 82 प्रतिशत जलभराव है, जिससे मांग के अनुसार भरपूर पानी दिया जा सकता है। इस साल काफी पहले से और काफी अच्छी बारिश होने के कारण बांध में जल्दी ही जलभराव शत प्रतिशत हो चुका था। इतना ही नहीं, बल्कि यह पहला अवसर है कि खूंटाघाट बांध में लगातार डेढ़ महीने तक वेस्ट वियर चला है। विभाग के अनुसार जलभराव के मामले में बांध की स्थिति इतनी अच्छी है कि नहरों में भरपूर पानी छोड़ा जा सकता है। संभावना जाहिर की जा रही है कि विभाग 15 अप्रैल के बाद नहरों में पानी छोड़ सकता है।

#### नहरों में पानी छोड़ने पर विचार किया जा सकता है

गांवों के तालाब में निस्तारी के लिए पानी भरने नहर में पानी छोड़ने की मांग आने लगी है। इस संबंध में गांवों के तालाबों में जलभराव की वास्तविक स्थिति का पता लगाने सर्वे कराया गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य है। आने वाले समय में आवश्यकतानुसार नहरों में पानी छोड़ने पर विचार किया जा सकता है।

**-एमके चंद्रा**, ईई खारंग
जलसंसाधन संभाग

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



प्रतिभा

## चकरभाठा एयरपोर्ट पर नजर आएगा बस्तर आर्ट

**बिलासपुर।** बिलासपुर हवाई अड्डे पर प्रसिद्ध मूर्तिकार अशोक देवांगन द्वारा निर्मित 12 फीट ऊंची बस्तर कला की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। यह प्रतिमा लोहे के कबाड़ से तैयार की गई है। उल्लेखनीय है कि श्री देवांगन लोहे के कबाड़ से कलाकृतियां बनाने में माहिर हैं एवं अपने इस उत्कृष्ट कला के चलते प्रसिद्ध भी हैं। मूर्तिकार श्री देवांगन ने बताया कि उनके द्वारा निर्मित 40 फीट ऊंचा विशालकाय घोड़े का ढांचा स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा उन्होंने देश भर के विभिन्न रेल कारखानों में कबाड़ से अनेक कलाकृतियों का निर्माण किया है। जिसमें इंडिया गेट, गेट वे ऑफ इंडिया, ताजमहल, कुतुब मीनार, तथागत बुद्ध तथा भगवान गणेश की प्रतिमाएं शामिल हैं। हाल ही में उन्होंने बिलासपुर कोचिंग डिपो में 10 फीट ऊंची बुद्ध प्रतिमा बनाया है। उनकी उत्कृष्ट कलाकृतियों को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड तथा लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी स्थान प्राप्त हो चुका है। वर्तमान में बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल रही है।



आयोजन

## पारिवारिक, एक्शन छत्तीसगढ़ी फिल्म अंगार रिलीज होगी 3 को

**बिलासपुर।** बॉस इंडिया फिल्म के बैनर तले अंगार फिल्म 3 अप्रैल से पूरे छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है। इसके निर्माता सुनील शर्मा, निर्देशक हरीश नागदोने हैं। लेखक, पटकथा, कहानी जेपी विश्वकर्मा का है। डीपी विश्वकर्मा और ओम वैष्णव ने संगीत से सजाया हैं। फिल्म के मुख्य कलाकारों में सानिया कम्बोज, गुलशन साहू, सोनाली सहारे, संतोष यादव, विनय अम्बष्ट, सुशील शर्मा, उपासना वैष्णव, ऊषा विश्वकर्मा, सरला सेन, अशोक साहू एवं अन्य लोग शामिल है। यह फिल्म बिलासपुर के ऊर्जा पार्क, खूंटाघाट, अमरकंटक में फिल्माया गया है। पलायन पर आधारित यह मनोरंजक फिल्म ताबड़तोड़ एक्शन, डायलॉग, संवाद से भरपुर एवं पूरे परिवार के साथ बैठकर देखने योग्य है।




स्पोर्ट्स

## डीएलएस के अभिषेक का खेलो इण्डिया में चयन



**बिलासपुर।** डी.एल.एस. महाविद्यालय के खिलाड़ी अभिषेक जायसवाल ने पिछले दिनों चंडीगढ़ मोहाली में आयोजित ऑल इंडिया जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अभिषेक जायसवाल ने अपने दमदार खेल, अनुशासन और समर्पण का परिचय देते हुए न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की चेयरमैन निशा बसंत शर्मा व प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अभिषेक की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। सचिव उमेश जाधव, सीईओ राकेश दीक्षित, स्पोर्ट्स ऑफिसर विद्येन्दु शुक्ला, नीतिश शर्मा सहित समस्त आचार्यगण व स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

कार्यक्रम

## समर कैंप में बच्चों ने सीखा उपयोगी सामान बनाना



**बिलासपुर।** अग्रवाल महिला समिति बिलासपुर के तत्वावधान में बच्चों के विकास के लिए चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन अग्रसेन भवन जूनी लाइन में किया गया। इसमें लगभग 70 बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया एवं ज्ञानवर्धक व उपयोगी सामान बनाने सीखा। चार दिनों तक चले इस कैंप में बच्चों को कई ज्ञानवर्धक और मनोरंजक चीजें सिखाई गई। सूखे हुए फूलों से अगरबत्ती, धूप बनाना, मेरे हनुमान, फेस मास्क मेकिंग, पॉट डेकोरेशन, खिलौने बनाना आदि शामिल रहा। टेबल मैनर्स और स्टेज फियर दूर करने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए ताकि बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके। शिविर के प्रथम दिन बच्चों का उत्साहवर्धन करने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिव अग्रवाल एवं सचिव सुनील सोंथालिया विशेष रूप से आमंत्रित थे। उन्होंने बच्चों को नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित किया। शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह में अग्रवाल महिला समिति की सभी पूर्व अध्यक्षा, संरक्षिका, समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को मनाया जाएगा, इस उत्सव को मनाने शहर के सभी हनुमान मंदिरों में तैयारियां अंतिम दौर पर चल रही है। बुधवार से मंदिरों में पांच दिवसीय उत्सव की शुरूआत हो जाएगी,जन्मोत्सव को भव्य बनाने हनुमान समितियां व संस्थाए इस बार जगराता, महाआरती, सुदरकांड, भंडारा व भजन संध्या का आयोजन कर रही है।

पांच दिवसीय उत्सव आज से

# हनुमान जन्मोत्सव पर कल भक्ति का महासंगम




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हनुमान जयंती पर बृहद भक्तिमय आयोजन होने जा रहा है। सरकंडा में प्रसिध्द लोक कलाकार अलका चंद्राकर, अनूप शर्मा व गरिमा दिवाकर व स्वर्णा दिवाकर द्वारा शहर में संगीतमय प्रस्तुति से देर रात्रि तक भक्तों को भजनों से बांधे रखेंगे।

प्रसिध्द कथावाचक पंडित युवराज पांडेय द्वारा भी अरपा मइया की विशाल महाआरती भी की जाएगी। शहर इन दिनों भगवामय नजर आ रहा है। मुख्य मार्गों पर बड़े-बड़े आकर्षक गेट बनाए गए हैं, जिन पर भगवान हनुमान के चित्र और जय श्रीराम के जयकारे लिखे गए हैं। रात के समय रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा इलाका जगमगाएगा। जगह-जगह मंच बनाए जा रहे हैं, जहां भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम होंगे।





### गोलबाजार में होगा सामूहिक पाठ

संकट मोचन हनुमान मंदिर गोलबाजार में उत्सव पर प्रात 8:30 बजे महाआरती के साथ भोग भंडारा शुरू होगा। महेश दुबे ने बताया कि प्रारंभ में इटली तथा प्रसाद का वितरण किया जाएगा दोपहर 12 बजे महाआरती की जाएगी और हनुमान का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। शाम 4 बजे हवन पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है, शाम को 7:30 बजे सुंदरकांड का पाठ होगा। उसके बाद महाआरती होगी और इस बार हनुमान मंदिर समिति के द्वारा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है।

### तिलकनगर में चार दिवसीय कार्यक्रम

'हनुमान मंदिर सेवा समिति तिलक नगर के द्वारा हर साल की तरह इस बार भी 2 अप्रैल को दुग्धा अभिषेक श्रंगार आरती भंडारा प्रसाद का वितरण के साथ सामूहिक संगीत में सुंदरकांड पाठ किया जाएगा तथा शाम 7:30 बजे महाआरती 56 भोग प्रसाद वितरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है । 3 अप्रैल को आरती होगी तथा रात 8 बजे से प्रसाद वितरण भजन संध्या का आयोजन किया गया है। शनिवार 4 अप्रैल को आरती एवं प्रसाद वितरण शाम को 7 बजे से होगा तथा रविवार को शाम 7:30 बजे आरती होगी 8 बजे से प्रसाद वितरण एवं रात्रि 9 बजे हनुमान सहस्त्र नाम से सामूहिक हवन के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव का समापन होगा।



### जूना बिलासपुर मंदिर में सुंदरकांड आज

जूना बिलासपुर हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव आज से प्रारंभ हो रहा है, पंडित मनीष पाठक ने बताया कि 1 अप्रैल को हवन-पूजन होगा, दोपहर चार बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा है। 2 अप्रैल को जन्मोत्सव पर दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक के पश्चात दिनभर पूजन चलेगा। 3 अप्रैल को आरती व महाभंडारा किया जाएगा।



### एसईसीएल गेट के सामने बंटेगा भोग प्रसाद

हनुमान जयंती पर एसईसीएल गेट के सामने स्थित हनुमान मंदिर में भोग-प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजक चंदन कुमार भट्टाचार्य, निर्मल कुमार गुप्ता एवं मदन मोहन गुल्ला द्वारा इस आयोजन की भव्य तैयारियां की जा रही है। ज्ञात हो कि हर साल इनके द्वारा हनुमान जयंती पर प्रसाद वितरण किया जाता है।

### बजरंग की कुटिया में प्रसाद वितरण

बंगाली एसोसिएशन के द्वारा रेलवे स्थित कालीबाड़ी प्रांगण में बजरंग की कुटिया में हनुमान जयंती पर भव्य आयोजन किया जाएगा। महासचिव लाल्टू घोष ने बताया कि सुबह से पूजा अर्चना के पश्चात शाम को 5:30 बजे से सुंदर काण्ड पाठ के पश्चात आहुति दी जाएगी। इसके बाद पुड़ी हलवा का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### जगराता व महाआरती होगी

हनुमान सेवा समिति द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर शहर में खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है। यह कार्यक्रम 2 अप्रैल को महामाया चौक, नया पुल, अरपा रोड, अटल पथ सरकंडा में शाम 6:30 बजे से शुरू होगा। आयोजक रिशु ठाकुर ने बताया कि आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जाएगा, जहां भक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। कार्यक्रम की शुरुआत महा आरती से होगी,जिसके बाद हनुमान चालीसा पाठ, प्रसाद वितरण और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। देर शाम से भजन-कीर्तन का सिलसिला शुरू होगा,जो पूरे माहौल को भक्तिमय बना देगा।इस अवसर पर आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के साथ लोक गायिका गरिमा दिवाकर,स्वर्णा दिवाकर, और लोक गायक अनुराग शर्मा अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

### हस्त नक्षत्र में जन्मोत्सव

पंडित ने प्रदीप पांडेय ने बताया कि इस साल हनुमान जन्मोत्सव के दिन हस्त नक्षत्र बन रहा है, जो शाम 5 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा ध्रुव योग का शुभ संयोग भी इस तिथि पर रहने वाला है। ध्रुव योग को वैदिक ज्योतिष में 27 योगों में से 12वां, एक अत्यंत शुभ और स्थिर योग माना गया है। यह भगवान विष्णु और गुरु ग्रह से संबंधित है। यह योग स्थिरता, दृढ़ता और दीर्घकालिक सफलता का प्रतीक है। इसमें भवन निर्माण, सगाई, विवाह, विद्यारंभ और गृह प्रवेश जैसे स्थायी कार्यों को करना उत्तम फलदायी माना जाता है।

### जन्मोत्सव पर 6 दिनों तक चलेगा भोग वितरण

जेल चौक दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर में इस वर्ष भक्त शिरोमणि श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन भव्य तरीके से किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि उत्सव 2 से 7 अप्रैल तक लगातार 7 दिनों तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के भोग वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजा या जा रहा है और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना हुआ है।

## महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव पर पूजा, निकला जुलूस






**बिलासपुर।** भगवान महावीर स्वामी के 2625 वां जन्म कल्याणक महामहोत्सव पर मंगलवार को नेहरू नगर स्थित विमल चोपड़ा के निवास में स्थापित मंदिर में प्रार्थना एवं स्नात्र पूजा की गई। इसके बाद बाजे-गाजे के साथ घर मंदिर से जैन कैंपस तक शोभायात्रा निकाली गई। नवकार महामंत्र जापयजैन कैंपस स्मार्ट रोड में किया गया।

सकल जैन समाज बिलासपुर ने भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव को धूमधाम से मनाया। सुबह मंदिर में विशेष पूजा, जूलूस एवं विभिन्न धार्मिक आयोजन किया गया। महोत्सव के पहले दिन तीनों मंदिरों में प्रातः से मंगलाष्टक, अभिषेक, शांति धारा एवं पूजा की गई। सरकंडा मंदिर से झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। मंगलवार को आचार्य विराग सागर महाराज पट्टाचार्य, आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 सुयश सागर महाराज, मुनिश्री 108 कौशल्य सागर महाराज के सानिध्य में प्रातः 6 बजे मुनिश्री ससंघ का विहार 1008 श्री पंचबालयती दिगम्बर जैन मंदिर, सन्मति विहार मंगला के लिए हुआ। मुनिश्री की भव्य अगुवानी मंगला चौक में प्रातः 7 बजे हुई। 8 वां मस्तकाभिषेक शांतिधारा मुनिश्री के मुखारबिंद से संपन हुआ। पश्चात पट्टाचार्य 108 आचार्य विशुद्ध सागर महाराज का पदारोहण दिवस, पूजन, मुनिश्री का प्रवचन हुआ। पड़गाहन, आहार चर्या सन्मति विहार में हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष सुभाष श्रीश्रीमाल, सहित श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ एवं श्री तेरापंथ जैन समाज बिलासपुर के सदस्य उपस्थित थे।

सरयूपारीण विप्र संघ खारंग परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन

## 28 बटुकों का सामूहिक व्रतबंध

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण विप्र संघ खारंग परिक्षेत्र का सामूहिक व्रतबंध संस्कार, वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन ग्राम नगोई में किया गया। जिसमें 28 बटुकों का सामूहिक व्रतबंध हुआ।

परशुराम सामुदायिक भवन में मण्डापाच्छादन, हरदियाही के साथ व्रत बंध प्रारंभ हुआ। दूसरे दिन सुबह 10 बजे से 28 बटुकों का जनेऊ संस्कार कराया गया। जिसमें मुख्य यजमान पं. कुशल शर्मा, मुख्य आचार्य पं. जगदीश जोशी, उप आचार्य पं. भागवत तिवारी, संतोष मिश्रा थे। इसके बाद खारंग परिक्षेत्र के ग्रामों से विप्रजनों का समागम एवं सदस्यता अभियान पूर्ण हुआ। दोपहर भोजन उपरांत प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बटुकों का आशीर्वाद प्रदान करने के लिए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मौजूद रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से संघ के महामंत्री




विरेन्द्र गौरहा, प्रदीप शास्त्री, राजेन्द्र तिवारी ने किया। महामंत्री विरेन्द्र गौरहा ने बताया कि खारंग परिक्षेत्र गठन के बाद से वर्तमान तक छठवीं बार सामूहिक व्रतबंध कार्यक्रम किया गया है। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन पं. पुरंजय शर्मा ने किया।

इस अवसर पर संघ के संरक्षक पं. बंशीलाल गौरहा, ब्राम्हण महासभा रतनपुर के अध्यक्ष महंत दिव्यकांत, बलराम पाण्डेय, राजेश शर्मा, जगदीश गुरूद्वान, डॉ. प्रदीप शुक्ला, नीरज भूषण मिश्रा, मदन पाण्डेय, दुर्गा, राजेन्द्र तिवारी, राकेश, अंकित गौरहा, अवधेश शर्मा, विकास शास्त्री, योगेश दुबे, रूपेश शास्त्री, सुरेन्द्र पाण्डेय, कुशल, प्रणव शर्मा, दुर्गाशंकर, लक्ष्मी तिवारी, सनत शर्मा, रामकुमार दुबे, अश्वनी पाण्डेय, अरूण चौबे, रामचंदन, द्वारिका, सतीश तिवारी, धर्मेन्द्र गौरहा, अनिल शुक्ला, शोभाकांत तिवारी, ब्रजेश शास्त्री, नागेन्द्र शर्मा, सोनू गौरहा सहित अंचल के अनेक विप्रजन उपस्थित रहे।

### विधायक ने दिया बटुकों को आशीर्वाद

मुख्य अतिथि पं. शुक्ला ने खारंग परिक्षेत्र के इस अनुकरणीय कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए समाज के सामाजिक भवन जो निर्माणाधीन है, उसे पूर्ण कर अन्य बचे हुए कार्य को भी पूर्ण कराने की बात कही। उन्होंने वरिष्ठ विप्रजनों का आभार व्यक्त कर बटुकों को आशीर्वाद प्रदान कर पारितोषिक वितरण किया। कार्यक्रम का समापन बटुकों की शोभायात्रा से हुआ।

### इनका सम्मान

कार्यक्रम में खारंग परिक्षेत्र के विभिन्न प्रतिभावान जो लोक सेवा आयोग एवं चिकित्सा के क्षेत्र में चयनित हुए हैं, का सम्मान किया गया। जिसमें शिक्षा शर्मा डगनिया डिप्टी कलेक्टर, स्मिता तिवारी सेलर सहायक संचालक वित्त, डॉ. तृशा गौरहा सेमरा चिकित्सक एम.एस., डॉ अदिति शास्त्री नगोई, डॉ आयुष तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी भरारी सहायक संचालक उद्योग, कु. श्रेया दुबे गिधौरी चिकित्सा शिक्षा, वैभव मिश्रा सीपत सहायक अभियंता, डॉ प्रमोद तिवारी बाम्हू संचालक शिक्षा, नीलम तिवारी सहायक संचालक शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### भाग्यश्री में प्राप्त किए 90 फीसदी से अधिक अंक



**मस्तूरी।** बिलासपुर स्थित लोयोला स्कूल की छात्रा भाग्यश्री शर्मा ने कक्षा ग्यारहवीं की सभी सेक्शनों में 90 .87% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन्होंने विगत वर्ष भी सीबीएससी 10वीं बोर्ड की परीक्षा में भी 90% अंक प्राप्त किया था। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय स्कूल के शिक्षकों और अपने माता-पिता को दिया है। जयरामनगर खैरा निवासी इनके पिता त्रिलोक शर्मा पेशे से अधिवक्ता हैं।

### किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में परमेश्वरी ने जीता ब्रॉन्ज मैडल



**मल्हार।** नगर की एक होनहार बेटी ने किक बॉक्सिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। परमेश्वरी लोहार ने किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि, 26 से 29 मार्च तक चेन्नई में आयोजित 'अस्मिता खेलो इंडिया नेशनल किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप' में देश भर से 8 सौ से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में परमेश्वरी लोहार ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए म्यूजिकल हार्ड स्टाइल वेपन में ब्रांज मेडल हासिल किया। इससे पहले भी परमेश्वरी लोहार ने जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओ में गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रांज मेडल अपने नाम किया है।

### छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक




**मस्तूरी।** जांजगीर में प्रस्तावित वार्षिक अधिवेशन को लेकर छत्तीसगढ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एशोसियेशन शाखा मस्तूरी का बैठक आहूत किया गया।बैठक में संघ से संबंधित कई विषयों पर चर्चाएं हुई जिसमें विशेष रुप से आगामी 12 अप्रैल को जांजगीर में आयोजित होने वाली प्रस्तावित वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने संघ के सदस्यों व समस्त पदाधिकारियों को लेकर जाने की रुप रेखा तैयार किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि मस्तूरी बी ई ओ आफिस के सामने से 11 बजे जांजगीर के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में मुख्य राजकुमार मिश्रा जिलाध्यक्ष, आर पी सुमन, जेके शर्मा, एसएल पोर्ते, यूबी पंकज, राम किशुन राठौर, गोवर्द्धन साहू, बी एस नेताम, नरेश कुमार शर्मा, आदि उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ



**भर्रीडांड़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की विशेष पहल पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ किया गया। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने फीता काटकर पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारंभ किया, और केंद्र में भर्ती बच्चों को तिलक लगाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्षवर्धन मेहर ने पोषण पुनर्वास केंद्र के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि, कुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिए अच्छा प्रयास रहेगा। इससे निश्चित ही जिले में कुपोषण की दर में कमी आएगी। इस केंद्र में 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को स्वास्थ्य में सुधार हेतु 15 दिवस भर्ती रखकर स्वास्थ सुविधा प्रदान की जानी है। इस अवसर पर अरविंद सोनी, सतीश कुमार, डॉ जुनेद मलिक सहित स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉफ उपस्थित थे।

### स्ट्रीट लाइट से अंधेरी सड़कों पर बिखरने लगी रोशनी



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला के वार्ड क्रमांक 13 में विकास कार्यों की एक और कड़ी जुड़ गई है। युवा पार्षद राजकुमार साहू ने नगर अध्यक्ष नरेश पटेल के मार्गदर्शन में अपनी पार्षद निधि से अमहा चौक से सत्संग चौक एवं क्रिश्चियन मोहल्ला में स्ट्रीट लाइट लगवाकर पूरे क्षेत्र को रोशन कर दिया। इस पहल से वार्डवासियों और नगरवासियों को रात के समय आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से अंधेरे की समस्या से जूझ रहे लोगों ने इस कार्य पर खुशी जताते हुए पार्षद का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विजय दिवान, संतोष साहू, अरविंद मसीह, लल्लू साहू, पंकज स्कार्ट, नरेंद्र गुप्ता, नवीन मसीह, मुकेश पटेल, सूरज साहू, गजानंद निर्मलकर, शुभम साहू एवं नरेंद्र यादव सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले भी पार्षद राजकुमार साहू की ओर से वार्ड में पेयजल सुविधा के लिए दो पानी टंकियों की स्थापना कराई गई, साथ ही लंबे समय से लंबित सीसी रोड निर्माण कार्य को भी पूरा कराया गया।

### पांच दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

# उत्साह के साथ मना भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जगत को 'जियो और जीने दो' का अमर संदेश देने वाले जैन तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय में उत्साह के साथ पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्व के पांचवें दिन मंगलवार 31 मार्च को प्रभात फेरी, स्नात्र महोत्सव, शोभायात्रा, स्वधर्मीवात्सल्य, महावीर प्रसादी, षट्कल्याणक पूजा, प्रभु की 1008 दीपकों के साथ भव्य आरती एवं परमात्म भक्ति का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

सुबह 6 बजे से प्रभात फेरी प्रारंभ हुई जो भगवान महावीर के जयकारे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निर्माणाधीन धर्मनाथ जिनालय में ध्वजारोहण कर वापस सदर बाजार स्थित जैन मंदिर पहुंचकर झंडावंदन के साथ पूर्ण हुई। इसके बाद सुमतिनाथ वेताम्बर मंदिर में 64 इंद्र एवं 56 दिक्कुमारियों द्वारा परमात्मा का भव्य जन्मकल्याणक स्नात्र महोत्सव के रुप में मनाया गया, जिसमें प्रभु के जन्म की बधाई स्वरुप 56 भोग चढ़ाए गए। मनोहर महिला मंडल एवं गुरुदेव भक्त मंडल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में प्रभु की आरती की गई। पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शांति धारा अर्पित कर प्रभु के जन्म की बधाई दी गई। सुबह 9 बजे से भव्य शोभायात्र सदर बाजार स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें जैन परंपरा के अनुसार सबसे आगे इंद्रध्वज, तत्पश्चात बैंड पार्टी, भगवान महावीर का रथ, पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों की अलग-अलग भजन मंडलियों के साथ श्रद्धालु भगवान महावीर के गीत एवं जयघोष के साथ चलते रहे। दोपहर 12 बजे से श्रीकंवर लाल बैद ओसवाल भवन में स्वधर्मीवात्सल्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दोपहर 2 बजे से भगवान महावीर स्वामी चौक में महावीर प्रसादी का वितरण सुमति नाथ सेवा समिति के सदस्यों द्वारा बिमला देवी उत्तम चंद चोपडा की स्मृति में उत्तम चंद नवरतन राज चोपड़ा परिवार के सौजन्य से किया गया। दोपहर 2.30 बजे से मंदिर में भगवान महावीर की षट्कल्याणक पूजा अजय कुमार रविकुमार मनीष कुमार चोपड़ा परिवार द्वारा कराई गई। रात्रि 7.30 बजे निर्माणाधीन धर्मनाथ जिनालय में 1008 दीपकों से भगवान की भव्य आरती की गई। रात्रि 8.30 बजे से मंदिर प्रांगण में प्रभु भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक लोगों की उपस्थिति रही। मनोहर महिला मंडल ने पारस चौरड़िया के निर्देशन में दो दिनों तक बच्चों एवं महिलाओं का शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।



**पुस्तिका का विमोचन**

सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित पुस्तिका, जिसका संपादन नगर की बेटी जैन साध्वी श्रीहंस कीर्ति म.सा. द्वारा किया गया। इस पुस्तिका में अक्षय निधि समव शरण आदितप का महत्व, विधि को आम लोगों की सुविधा के लिए प्रकाशित किया गया। पुस्तिका का विमोचन मुंगेली श्रीसंघ के वरिष्ठ अनोपचंद बैद ने किया। इस अवसर पर अनेक वरिष्ठजन विमलचंद लूनिया, जेठमल कोटडिया, सुरेन्द्र पारख, सुधीर जैन, राजकुमार जैन, अभिषेक जैन आदि उपस्थित रहे। पर्व के चौथे दिन रात्रि कालीन कार्यक्रमों में बकेला पार्श्व महिला मंडल ने बाजी कुंडलपुर में बधाई माता त्रिशला हरषाई का शानदार आयोजन किया गया, जिसका संचालन एवं प्रस्तुतिकरण मंडल अध्यक्ष ज्योति चोपड़ा ने अपनी टीम के साथ किया। कार्यक्रम में सभी के उत्कृष्ठ सहयोग के लिए समिति के अध्यक्ष कांति लाल लोढ़ा एवं विनय लूनिया, मनीष पारख आदि ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## रामनवमीं पर युवा सोनार समाज की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर युवा सोनार समाज के तत्वावधान में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में स्वर्णकार समाज के युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था।

भगवान श्रीराम के दरबार की भव्य झांकी के साथ-साथ समाज के युवा हाथों में केसरिया ध्वज लिए 'जय श्रीराम' के नारे लगा रहे थे। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता और युवाओं में धर्म के प्रति जागरूकता लाना है। यह शोभायात्रा शहर के ऐतिहासिक श्रीराम जानकी मंदिर सोनारपारा से गाजे-बाजे और प्रभु श्रीराम के दरबार की आकर्षक झांकी के साथ शुरू हुई एवं शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरी। शहर के मुख्य मार्गों पर अन्य सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों द्वारा यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। जगह-जगह अन्य संगठनों ने शीतल जल, बिस्किट, फूटी बांटकर और पुष्प वर्षा से यात्र का स्वागत किया।

### क्षेत्र में हनुमान जयंती की तैयारियां जोरों पर



क्षेत्र में 2 अप्रैल को हनुमान प्राकट्य उत्सव मनाने की जोर–शोर से तैयारियां चल रही हैं। हनुमान प्राकट्य उत्सव पर नगर के हनुमान मंदिरों में विशेष-पूजा अर्चना के साथ भंडारे का कार्यक्रम रखा गया है। युवा वर्ग कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं। हनुमान प्राकट्य उत्सव के पूर्व गोल बाजार स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष पूजा–अर्चना पश्चात घी के सहस्त्र लड्डूओं का भोग लगाया जाएगा। दोपहर में हवन पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया है।

## ग्रामीण पुस्तकालय की स्थापना से लोगों में आएगी जागरूकता

**मल्हार।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से सामुदायिक सहभागिता क्रियाकलाप के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बेटरी में ग्रामीण पुस्तकालय स्वच्छता एवं पेस सेटिंग पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि शास उमा विद्यालय मल्हार के प्राचार्य वेदप्रकाश शुक्ला ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, ग्रामीण पुस्तकालय की स्थापना से लोगों में जागरूकता आएगी तथा ज्ञान एवं सूचना तक आसानी से पहुंच बढ़ेगी। इससे लोगों में अपने अधिकारों का बोध होगा एवं उन्हें आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। आज का युग डिजिटल, एआई एवं चैट जीपीटी का है परंतु हम सभी इन तकनीकों का सही इस्तेमाल तभी कर पाएंगे, जब हम ज्ञान के स्रोत से परिचित होंगे। उन्होंने कहा कि, क्वालिटी एजुकेशन हर बच्चे को प्राप्त होना उनका अधिकार है, परंतु आज बच्चे उससे भी वंचित है, जिसका कारण जनता में जागरूकता का अभाव है। ग्रामीण पुस्तकालय सूचना के केंद्र के रूप में भी काम करेगी। इस अवसर पर सरपंच अलका कश्यप, गोविंद कश्यप, पंच राधा गोंड, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, व्याख्याता एसके दुबे, ममता धनगर, विद्यालय के शिक्षक कमलकांत मिश्रा, शिक्षिका दीपांजलि केवट उपस्थित थीं। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय के पेस सेटिंग प्रभारी राजन कुमार ने बच्चों को पेंटिंग सिखाई।



### डीएवी स्कूल में नर्सरी में प्रवेश हेतु आवेदन 13 तक

**मुंगेली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मुंगेली विखं के बिरगांव-फुलवारी, लोरमी विखं के कोतरी और पथरिया विखं के जरेली पेण्ड्री में निशुल्क बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नर्सरी में प्रवेश हेतु आवेदन 13 अप्रैल तक आमंत्रित किया गया है। विद्यार्थी को संबंधित क्षेत्र का निवासी होना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि, प्राप्त आवेदनों का सत्यापन एवं पात्रता का निर्धारण जिला स्तरीय समिति द्वारा 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। आवेदन में आवश्यक संशोधन 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक किए जा सकेंगे। लॉटरी के माध्यम से प्रवेश आबंटन की कार्यवाही 23 अप्रैल से 24 अप्रैल तक संपन्न होगी। चयनित विद्यार्थियों के स्कूल दाखिले की अंतिम प्रक्रिया 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक पूर्ण की जाएगी। आवेदन किसी भी कंप्यूटर सेंटर अथवा च्वाइस सेंटर से किया जा सकता है।

## ग्रामीणों ने आवारा कुत्तों से बचाई चीतल की जान

### प्राथमिक उपचार के बाद भेजा गया कानन पेंडारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम परसवारा सामान्य वन परिक्षेत्र के बांध क्षेत्र में विभाग ने एक नर चीतल घायल अवस्था में पकड़ा। ग्रामीणों की सूझबूझ से घायल चीतल को प्राथमिक उपचार के बाद कानन पेंडारी भेजा गया। गांव के आवारा कुत्तों ने जीव को घायल कर दिया था, जिसे ग्रामीणों ने सुरक्षित वनविभाग के सुपुर्द किया।

मिली जानकारी के अनुसार 31 मार्च को ग्राम परसवारा के वनक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1534 में ग्रामीण दीपक कुमार श्रीवास एवं अन्य लोगों ने देखा कि, बांध के ऊपरी क्षेत्र में एक 2 वर्षीय नर चीतल को गांव के आवारा कुत्तों ने घायल कर दौड़ा रहे थे। इस पर उन्होने बांध में छलांग लगाकर चीतल को पानी से सुरक्षित निकाला एवं वन विभाग के डिप्टी रेंजर सवित ध्रुव को सूचित किया। ज्ञात हो कि, परसवारा के जंगल में इस समय भीषण गर्मी की वजह से प्यासे वन्य जीव बांध में आते रहते हैं। इस दौरान आवारा कुत्ते उन पर हमला कर अपना शिकार बना लेते हैं। ग्रामीणों सहित वनकर्मियों ने इनके लिए अतिरिक्त सुरक्षा करने मांग कर रहे है, जिससे जीवों को आवारा कुत्तों से सुरक्षित रखा जा सके।



#### कानन भेजा गया

नर चीतल घायल अवस्था मे मिला, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कानन पेंडारी भेजा गया।

– **क्रिस्टोफर कुजूर,** वनपरिक्षेत्र अधिकारी

## भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

- तहसील में 3376 हितग्राहियों को मिला योजना का लाभ
- डीबीटी के माध्यम से खातों में पहुंचे 10-10 हजार रुपए

सीपत तहसील में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि सीधे डीबीटी माध्यम से भेजी गई, जिससे हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम में 20 पात्र हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए, जबकि सीपत तहसील के कुल 3 हजार 376 भूमिहीन कृषि मजदूरों को इस योजना का लाभ मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मस्तूरी अध्यक्ष रहीं। अति विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण राज्यवर्धन कौशिक ने कहा कि, प्रदेश सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में राशि पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि, बिचौलियों की भूमिका खत्म हो चुकी है और लाभ सीधे जनता तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बांके बिहारी गुप्ता, देवेश शर्मा, विजय गुप्ता, ऊषा देवी केवर्त, मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव, सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, पत्रकार रियाज अशरफी, बसंत साहू, हरिश्चंद्र श्रीवास, तहसीलदार गरिमा ठाकुर, नायब तहसीलदार पूनम कन्नौजे, आरआई संध्या नामदेव, पटवारी अरनेश टोप्पो सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।



## लोकार्पण के इंतजार में धूल खा रही सीटी स्केन मशीन

**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में सीटी स्केन मशीन लोकार्पण के इंतजार में धूल खा रही है। छठवीं बार तैयारियों के बाद भी मशीन का लोकार्पण नहीं हो पाया है।

प्रदेश सरकार द्वारा लाखों रुपए की लागत से जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य आम जनता को बेहतर सुविधा देना था। लेकिन मशीन लोकार्पण के इंतजार में धूल खा रही है, और अब तक इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पाया है। लोगों ने भी स्वास्थ्य सेवाओं में खामियों को लेकर चिंता जाहिर की और सुधार की मांग की। जिले में नये वर्ष की शुरूआत के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा होना था। लम्बे इंतजार के बाद जिला अस्पताल सीटी स्केन की सुविधा से लैस हो जाना था। जिला अस्पताल में सीटी स्केन मशीन आने के बाद स्टाफ की नियुक्ति की गई। लोकार्पण के लिए अस्पताल प्रबंधक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से 6 बार प्रयास किया गया, लेकिन जनवरी से किए जा रहे प्रयास को मार्च तक पूरा नहीं किया जा सका। इस मशीन के उपयोग से हड्डियों, अंगों, ऊतकों और रक्त वाहिकाओं में चोट व कैंसर और अन्य बीमारियों का पता लगाने में मदद मिलेगी। जिले मे अत्याधुनिक जांच उपकरणों, अनुभवी स्वास्थ्यकर्मियों एवं निशुल्क दवाओं से युक्त यह यूनिट दूरस्थ अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनना था। जिला अस्पताल में सीटी स्कैन प्रारंभ हो जाने से गरीब एवं असहाय लोगों को इस सुविधा का लाभ होगा। अगर यह सुविधा प्रारंभ हो जाएगी तो गरीबों को यह सुविधा कम खर्च में मिलना प्रारंभ हो जाएगी, जिसकी परवाह अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा एवं डीपीएम डॉ गिरीश कुर्रे ने बताया कि, जिला अस्पताल में सीटी स्केन मशीन का इंस्टालेशन पूर्ण हो चुका है। इसके संचालन के लिए टेक्निशयन की नियुक्ति हो गई है। जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के मरीजों को इसकी सुविधा मिल सकेगी।



### गौरेला में कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम, बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर

# कार्यकर्ताओं में होती है संगठन की असली ताकत: शैलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बिलासपुर शहर के पूर्व विधायक एवं जिला प्रभारी शैलेश पांडे की उपस्थिति रही, जहां मंडल, वार्ड, बूथ एवं पंचायत स्तर पर संगठनात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शैलेश पांडे ने अपने राजनीतिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर पकड़ मजबूत रखने, नियमित संपर्क बनाए रखने और जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गजमती भानु ने मंडल, वार्ड, बूथ एवं पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पारदर्शिता और संगठनात्मक संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गौरेला के अध्यक्ष बलबीर सिंह करसायल के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें गौरेला ब्लॉक के बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में संगठन सृजन को लेकर व्यापक चर्चा के साथ आगे की रणनीति तय की गई। कार्यक्रम का संचालन गौरेला कांग्रेस कमेटी के मंडल अध्यक्ष अमित कुमार सोनी द्वारा किया गया। अंत में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डॉ. केके ध्रुव, गुलाब सिंह राज, ब्लॉक प्रभारी रमेश साहू, वरिष्ठ नेता शंकर लाल साहू, नफीस अहमद, पूर्व पार्षद संजय गुप्ता, पार्षद निलेश साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीकांत मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अमोल पाठक, सुभाष मित्तल, कोषाध्यक्ष कुक्कू साठे, जिला महामंत्री बाला प्रसाद कश्यप, मुद्रिका सिंह सर्राटी, पार्षद विक्रांत रोहिणी, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा पेंड्रा एवं मरवाही क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। पेंड्रा से जिला कोषाध्यक्ष पंकज तिवारी, मरवाही से बेचुराम अहीरेश, राकेश मसीह, कृष्णा पटेल, पवन केसरवानी सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति रही।

## तेल व एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता अफवाहों पर न दें ध्यान: कलेक्टर

**मुंगेली।** जिले में 42 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जिनमें वर्तमान में पेट्रोल 4 लाख 33 हजार 800 लीटर, डीजल 04 लाख 15 हजार 700 लीटर उपलब्ध है। साथ ही गैस एजेंसियों में 02 हजार 294 घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

उक्त जानकारी देते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि, जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है। जिले के सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों में पर्याप्त मात्र में स्टॉक उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर ने कहा कि, आवश्यकतानुसार नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि, वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में अनावश्यक भंडारण से बचें। कलेक्टर ने बताया कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, तथ्यात्मक जानकारी का त्वरित प्रसार एवं आवश्यकतानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि जिले में व्यवस्था सामान्य बनी रहे। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल, डीजल एवं गैस का उपयोग करें, किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें। तथा बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राहगीर से मारपीट कर लूट, 4 युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** राहगीर से मारपीट कर नकद रकम लूटने वाले 4 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मल्हार चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि 30 मार्च को चौहा निवासी रामप्यारे राय पिता स्व. राजाराम राय 62 साल डगनिया से शादी कार्यक्रम के बाद वापस घर लौट रहे थे। चकरबेढा व डगनियां के बीच युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए जेब से 1400 रुपए लूट लिया था। पुलिस ने रिपोर्ट पर रोशन भंडारी, सुमित दिनकर, सुमित टंडन, मंजेश खुंटे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। युवको ने पीड़ित से मारपीट कर पैसा लूटना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चाकू फरसा लहराते 4 बदमाश गिरफ्तार



**बिलासपुर।** चाकू, फरसा लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि जरहाभाठा मिनीबस्ती के बदमाश चाकू, फरसा लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस मौके पर दबिश देकर जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी अभयन कोसले पिता अजय कोसले 20 साल, रामा कुर्रे पिता राजू कुर्रे 19 साल, देव सिदार पिता स्व. राज सिदार 20 साल, समीर भास्कर पिता शिव कुमार भास्कर 20 साल को पकड़कर 3 चाकू, 1 फरसा बरामद किया गया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं राकेश ओगले पिता स्व. किशोर 29 साल मगरपरा मरारगली निवासी के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### ट्रैक में मिली बालिका की लाश की हुई शिनाख्त



**बिलासपुर।** रेलवे ट्रैक में मिली बालिका की लाश की शिनाख्ती हो गई है। 4 दिन पहले खैरागढ़ से लापता हुई थी। हत्या करने के बाद लाश रेलवे ट्रैक में फेकने की बात कहीं जा रही है। 29 मार्च की सुबह मस्तूरी किसान परसदा के रेलवे ट्रैक में एक बालिका की लाश मिली थी। मृतका का हाथ कट गया था और शरीर में चोट के निशान थे। वह लोवर टीशर्ट पहनी हुई थी। पुलिस मृतका के पहचान कार्रवाई में लगी हुई थी। 30 मार्च को खैरागढ़ पुलिस ने मस्तूरी टीआई अजहरउद्दी से संपर्क कर रेलवे ट्रैक में मिली बालिका के लाश के संबंध में जानकारी ली। उन्हें वाट्सएप में मृतिका की फोटो भेजा गया। उसके बाद परिजन मस्तूरी आकर मृतिका की पहचान खैरागढ़ चिचोला ठेलकाडीह निवासी दीपिका वर्मा पिता शैलेन्द्र वर्मा 14 साल के रूप में की। मस्तूरी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। टीआई अजहरउद्दीन ने बताया, मृतिका 28 मार्च को रहस्यमढ़ से लापता हो गई थी। 29 मार्च को परिजन ने खैरागढ़ थाने में उसकी गुम होने की रिपोर्ट लिखाई थी। खैरागढ़ पुलिस ने बालिका के हत्या होने व आरोपियों को पकड़ लेने की जानकारी दी है।

**इनकम टैक्स एक्ट सख्त, ट्रेन टिकट रिफंड नियम बदले** यूपीआई/एटीएम के नए नियम और एलपीजी कीमतों में बदलाव भी शामिल

# आज से बदल जाएंगे ये नियम, लोगों की जेब पर सीधा असर डालेंगे

**बिलासपुर।** 1 अप्रैल 2026 से बैंकिंग, टैक्स, यात्रा और डिजिटल पेमेंट से जुड़े कई बड़े नियम बदल गए हैं, जो लोगों की जेब पर सीधा असर डालेंगे। मुख्य बदलावों में नया इनकम टैक्स एक्ट, सख्त ट्रेन टिकट रिफंड नियम, यूपीआई/एटीएम के नए नियम और एलपीजी कीमतों में बदलाव शामिल हैं।

### इनकम टैक्स में बड़ा बदलाव



इस साल से नया इनकम टैक्स कानून लागू होगा, जो पुराने सिस्टम की जगह लेगा। अब टैक्स से जुड़ी प्रक्रिया को आसान बनाया जा रहा है। पहले 'फाइनेंशियल ईयर' और 'असेसमेंट ईयर' अलग-अलग होते थे, लेकिन अब केवल एक 'टैक्स ईयर' रहेगा। इसके साथ ही 1 अप्रैल से आईटीआर -3 और आईटीआर-4 भरने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गई है।

### फास्टटैग महंगा होगा

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई ने फास्टटैग के सालाना पास की कीमत बढ़ा दी है। अब यह 3,000 रुपए की जगह 3,075 रुपए का हो जाएगा। यह वार्षिक पास गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए है और इसका इस्तेमाल करीब 1,150 टोल प्लाजा पर किया जा सकता है।

### पैन कार्ड के नए नियम

अब पैन कार्ड बनवाने के लिए सिर्फ आधार कार्ड काफी नहीं होगा। अभी तक लोग सिर्फ आधार कार्ड के जरिए पैन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते थे लेकिन 31 मार्च 2026 के बाद यह सुविधा खत्म हो जाएगी। 1 अप्रैल से आवेदन करते समय जन्म प्रमाण पत्र, वोटर आईडी, 10वीं की मार्कशीट, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या मजिस्ट्रेट द्वारा जारी हलफनामा जैसे दस्तावेज जमा करने होंगे।

### रेलवे टिकट कैंसिलेशन नियम बदले

भारतीय रेलवे ने टिकट रद्द करने के नियम अपडेट किए हैं। इसके तहत अब रिफंड पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि आपने टिकट कितनी जल्दी कैंसिल किया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ट्रेन छूटने से 8 घंटे पहले तक ही टिकट कैंसिल करने पर रिफंड मिलेगा। अगर आप 8 घंटे से कम समय में टिकट रद्द करते हैं, तो आपको कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा।

### टेक होम सैलरी हो सकती है कम

अगर नए लेबर कोड लागू होते हैं, तो लोगों की सैलरी स्ट्रक्चर बदल जाएगी। अब कंपनियों को आपकी कुल सैलरी का आधा हिस्सा बेसिक पे रखना होगा। इससे पीएफ में ज्यादा पैसा जाएगा, लेकिन हर महीने हाथ में मिलने वाली सैलरी थोड़ी कम हो सकती है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### एटीएम ट्रांजैक्शन में बदलाव

अब एटीएम से सीमित फ्री ट्रांजैक्शन मिलेंगे, उसके बाद चार्ज देना होगा। जैसे एचडीएफसी बैंक के एटीएम से पांच फ्री ट्रांजैक्शन के बाद यूपीआई कैश विद्ड्रॉल पर प्रति ट्रांजैक्शन 23 रुपए शुल्क लिया जाएगा। उपभोक्ताओं की जेबों पर इससे भार आने की बात कही जा रही है।

### डिजिटल पेमेंट में बदलाव

इन सब से अलग अब डिजिटल पेमेंट में सुरक्षा बढ़ेगी और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन जरूरी होगा। पहले कई बार सिर्फ ओटीपी डालकर पेमेंट पूरा हो जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब हर ट्रांजैक्शन के लिए दो तरह की पहचान जरूरी होगी। जैसे ओटीपी के साथ पिन, पासवर्ड या फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल करना पड़ेगा। यानी अब पेमेंट में एक एक्स्ट्रा सुरक्षा लेयर जुड़ जाएगी।

### क्रेडिट स्कोर अपडेट तेजी से होगा



रिजर्व बैंक आफ इंडिया के नए नियम के अनुसार, अब बैंकों को हर हफ्ते लोन से जुड़ी जानकारी अपडेट करनी होगी। इससे आपका क्रेडिट स्कोर जल्दी अपडेट होगा।

### ग्रेच्युटी में होगा फायदा

बेसिक सैलरी बढ़ने से ग्रेच्युटी की रकम भी बढ़ेगी। यानी नौकरी छोड़ने या रिटायरमेंट के समय आपको ज्यादा पैसा मिल सकता है।

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर टैक्स नियम

अगर आपने गोल्ड बॉन्ड शेयर बाजार से खरीदे हैं, तो अब उस पर 12.5% टैक्स लगेगा। हालांकि, आरबीआई से सीधे खरीदे गए बॉन्ड को मैच्योरिटी तक रखने पर टैक्स छूट मिलती रहेगी। इससे राहत मिलने की उम्मीद है।

हजारों लीटर डीजल पी चुकी हैं गाड़ियां, मेंटनेंस के खर्च हो चुके हैं लाखों रूपए

# परिवहन और रजिस्ट्रेशन के बिना चार सालों से सड़कों पर दौड़ रही स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले की सड़कों पर दौड़ रही एम्बुलेंस का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। यानी इन गाड़ियों का अबतक आरसी जारी नहीं हो सका है लेकिन यातायात पुलिस और आरटीओ के नाक के नीचे से गुजरने वाली इन गाड़ियों पर कोई रोक टोक नहीं है। खास बात यह है कि सरकारी पेट्रोल पंपों से बकायदा इन गाड़ियों में डीजल भराए जाते है और मेंटनेंस में हर साल लाखों रूपए खर्च कर दिए जा रहे है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

स्वास्थ्य विभाग में अप्रैल 2022 में 4 एम्बुलेंस मंगाई गई। एम्बुलेंस खरीदी के लिए एसईसीएल ने सीएमआर मद द्वारा फंड मुहय्या कराई थी। तत्कालीन सीएमएचओ द्वारा महिंद्रा कंपनी की फोर्स टोपान वाहन खरीदी गई, लेकिन आज तक इन वाहनों का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है।

गाड़ियों को खरीद कर सीएमएचओ ने बिल्हा, कोटा, मस्तुरी और तखतपुर को दे दिया था, इसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी गाड़ियों को भुल गए और सभी गाड़ियां धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रही है। खास बात यह है कि इन गाड़ियों के लिए मेंटनेंस खर्च में स्वास्थ्य विभाग लाखों रूपए फूंक रहा है, वहीं गाड़ियों को दौड़ाने के लिए सरकारी पेट्रोल पंपों से डीजल भराया जा रहा है लेकिन इन गाड़ियों का नंबर प्लेट नहीं होने के बाद भी सड़कों पर यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने चैकिंग नहीं की है, जिसके चलते इनके चालक मर्जी से गाड़ियां दौड़ाते रहे और सरकार के विभाग फंडों का उपयोग करते हुए लाखों रूपए खर्च किए जा रहे है लेकिन स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से आंखें मुंद बैठा है।



### 40 हजार किमी से अधिक चल चुकी हैं गाड़ियां



बताया जा रहा है कि जिले की सभी ब्लॉकों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इन गाड़ियों का उपयोग किया जा रहा है। मरीजों को आपातकालीन स्थिति में अस्पताल तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं वैक्सीनेशन कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिशिर में उपयोग किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 4 गाड़ियों 40 हजार से अधिक चल चुकी है, लेकिन इसके बाद भी इन गाड़ियों का आरसी रजिस्ट्रेशन नहीं कराना समझ के परे है।

### वीवीआईपी ड्यूटी में लगी है एम्बुलेंस

रजिस्ट्रेशन के बगैर चल रही गाड़ियों पर परिवहन विभाग द्वारा हजारों रूपए का चालान ठोका जाता है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की गाड़ियां वीवीआईपी ड्यूटी में लगाई जाती है। जहां पुलिस और यातायात के साथ ही परिवहन विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी रहती है लेकिन इसके बावजूद 4 सालों में कभी भी इन गाड़ियों की पुछपरख नहीं की गई। इसके बाद भी इन गाड़ियों को पकड़ पाना आसान नहीं है।

### जानकारी ली जाएगी

बिना रजिस्ट्रेशन के गाड़ियों को चलाना गंभीर विषय है, डीलर पाइंप पर ही रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। स्वास्थ्य विभाग की गाड़ियों पर रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं कराया गया है और इन गाड़ियों पर नंबर प्लेट क्यों नहीं है, इसकी जानकारी ली जाएगी।

**-असीम माथूर,** आटीओ, परिवहन विभाग

### प्रक्रिया पूरी की जाएगी

मेरे कार्यकाल की गाड़ियां नहीं है, जिन नई गाड़ियों को लाया जा रहा है, उनका रजिस्ट्रेशन मैंनें कराया है। इन गाड़ियों के विषय में जानकारी ली जाएगी, और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**-शुभा गरेवाल,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

# हुजूम लगाकर जुआ खेलते जुआरियों का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

**मचा हड़कंप**



पचपेड़ी क्षेत्र में जुआ खेलते जुआरी।

सोशल मीडिया पर पचपेड़ी क्षेत्र में हुजूम लगाकर जुआ खेलते वीडियों वायरल हो रहा है। जुआरी बेखौफ होकर जुआ खेल रहे है। वीडियों ने क्षेत्र के पुलिसिंग पर सवालिया निशान लगा दिया है।

31 मार्च को सोशल मीडिया पर पचपेड़ी क्षेत्र में बड़ी संख्या में हुजूम लगाकर जुआ खेलते जुआरियों का वीडियों वायरल हो रहा है। वीड़ियों पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम भरारी धान मंडी के पीछे की बताई जा रही है। जुआरी बेखौफ तिरपाल बिछाकर आराम से बैठकर बेखौफ जुआ खेल रहे है। उनके चेहरे पर पुलिस के द्वारा पकड़े जाने का भय दिखाई नहीं दे रहा है। जुआरियों के जारी वीडियों ने क्षेत्र के पुलिसिंग की पोल खोल दिया है। पूर्व में भी पचपेड़ी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जुआ चलने की शिकायत थी। जुआ खिलने वाले पुलिस से सांठगाठ कर बेखौफ जुआ चला रहे थे।

### प्रधान आरक्षक लाइन अटैच

31 मार्च को एसएसपी रजनेश सिंह ने पचपेड़ी थाना के प्रधान आरक्षक तेज कुमार रात्रे को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं हाईकोट में पदस्थ प्रधान आरक्षक अरूण मिश्रा का पचपेड़ी थाना तबादला किया गया है। हालाकि आदेश में प्रशासनिक कारण से तबादला होना बताया गया है। जुआ की वीडियों वायरल होने के बाद प्रधान आरक्षक का जुआ खिलाने वाले से संलिप्ता होने पर कार्रवाई करने की विभाग में चर्चा है।

### पूर्व में छापामारा गया था नहीं मिले थे जुआरी

जांजगीर चाम्पा जिला के दबंग नामक जुआरी के द्वारा पचपेड़ी क्षेत्र में जुआ खिलाने की शिकायत मिली थी। एक दो बार पुलिस टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की की गई थी किन्तु जुआरी नहीं मिले थे। एसएसपी के द्वारा एसडीओपी व थाना प्रभारियों को जुआरी के खिलाफ कार्रवाई करने व संलिप्ता पाए जाने पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

**-मधुलिका सिंह,** एडीशनल एसपी ग्रामीण

# शराब देने से इनकार करने पर युवकों ने बार संचालक पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

■ पुलिस गाड़ी की सायरन सुनकर भागे हमलावर

आधी रात शराब देने से मना करने पर युवकों ने बार संचालक पर हमला कर दिया। पुलिस गाड़ी की सायरन सुनकर हमलावर वहां से युवक भाग निकले। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार भारतीयनगर एल 3 निवासी मो. तौसिफ पिता मो. अनिस ने रिपोर्ट लिखाई। वे एमिगोस बार का संचालक है 31 मार्च की रात 12.50 बजे वे राजेन्द्रनगर में थे। इसी दौरान मोबाइल में टिकरापारा निवासी नाजिम खान ने उन्हें फोन कर बोला शराब चाहिए। उन्होंने उसे बार बंद हो गया है शराब नहीं मिलने की बात कही। इस पर नाजिम ने उनके साथ गाली गलौज कर बार में तोड़फोड करने की धमकी दी। मो. तौसिफ अपने बार गए तो नाजिम खान, सैय्यान बुखारी, सलमान खान वहां खड़े हुए थे। फिर से तीनों युवक उनसे शराब देने की मांग करने लगे। उन्होंने मना किया तो शराब पीने के लिए पैसा देने की मांग करते हुए दूसरे जगह से शराब खरीदने की बात कहने लगे। पैसा देने से मना किया तो तीनों युवकों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा हाथ झापड़ से मारपीट करने लगे। ऐतेसाम खान, संदीप राम बीच बचाव किए तो उन्होंने तारबाहर पुलिस को घटना की सूचना दी। दूर से पुलिस गाड़ी की सायरन सुनकर तीनों हमलावर वहां से भाग गए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर नाजिम खान, सैय्यान बुखारी, सलमान खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार में पत्थरबाजी महिला घायल

**बिलासपुर।** बीती रात रतनपुर रोड पर चलती कार में पथराव कर दिया गया, जिससे कार का कांच टूट गया और महिला को चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में ले लिया है। 30 मार्च की रात कार में मध्यप्रदेश के लोग जा रहे थे। बादल महल के पास उनकी कार में पथराव कर दिया गया। जिससे सामने का कांच टूट गया और सामने सीट पर बैठी महिला घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सूचना के बाद पुलिस पथराव करने वालों के पतासजी में जुट गई थी। पुलिस ने कार में पथराव करने वाले हमलावरों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है।

# कपड़ा खरीदकर जा रहे बाइक सवार दो भाइयों को हाइवा ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बिलासपुर।** कपड़ा खरीदकर जा रहे बाइक सवार दो भाईयों को हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया। हादसे में एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया कि मानिकचौरी निवासी गुलशन मरावी 30 साल अपने भाई संजू मरावी के साथ कपड़ा खरीदने मल्हार आए थे। शाम 5 बजे खरीददारी करने करने के बाद दोनों भाई बाइक से घर लौट रहे थे। बिनौरी के पास पचपेड़ी की ओर से जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 12 बीजी, 5174 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में गुलशन मरावी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और संजू घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर पचपेड़ी पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाइसा देकर सड़क से किनारे किया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।



दुर्घटना के बाद पलटी हाइवा।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह मार्च 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 13 दिन | 4.00 | 52.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 132.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

### आंबा कार्यकर्ता भर्ती दावा आपत्ति 4 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 43 के आंगनबाड़ी केंद्र देवरीखुर्द 4 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की पदपूर्ति पदोन्नति प्रक्रिया के तहत की जानी है। पदपूर्ति के लिए अंतिम मूल्यांकन पत्र जारी किया गया है। दावा आपत्ति 4 अप्रैल तक सप्रमाण कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### प्री एमसीए प्रवेश परीक्षा 7 मई को

**बिलासपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्री एमसीए प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा 7 मई को सुबह 10 बजे से 1.15 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया खत्म हो गई है।

# छात्रा ने बाथरूम के सावर में फांसी लगाकर की खुदकुशी



**बिलासपुर।** मोबाइल चलाने से मना करने पर छात्रा ने बाथरूम के सावर में चुनरी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सरकण्डा थाना के एसआई संतरा चौहान ने बताया कि गीताजंली सिटी फेस 1 निवासी शिवानी मेश्राम पिता स्व. दयाराम 17 साल कक्षा 12 वीं की परीक्षा दी है। 29 मार्च की रात वह मोबाइल चला रही थी। उसकी मां ने दिन भर मोबाइल चलाने पर डाट फटकार लगा दी और उसे एक गिलास चावल कुकर में चढ़ाने को कहीं। मां की डाट फटकार से क्षुब्ध होकर शिवानी ने बाथरूम में जाकर सावर में चुनरी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात 10 बजे उनका भाई घर आया और बाथरूम गए तो शिवानी की फांसी पर लटकी लाश मिली। सूचना पर 30 मार्च को पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

MARUTI SUZUKI
आवश्यकता है
सर्विस एडवाजर
B.E./B.Tech (मैके.)

| | |
| --- | --- |
| मोपका-1 पद | सिरगिट्टी-1 पद |
| सकरी-2 पद | मुंगेली-2 पद |
| शिवरीनारायण-2 पद | कटघोरा-1 पद |

कस्टमर केयर मैनेजर (महिला)
स्नातक/कंप्यूटर
मोपका-1 पद
कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव (महिला)
स्नातक/कंप्यूटर
सिरगिट्टी-5 पद | मोपका-1 पद
ड्रायवर सकरी-2 पद
अनुभवियों को प्राथमिकता
इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र के साथ 03 अप्रैल 2026 को समय 11 से 3 बजे संपर्क करें
सत्या ऑटो प्रा.लि.
पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर
नोमन सिन्हा- मो. 9098750248
email- noman.sinha@teamsatya.in

online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411